# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## तृतीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 13 श्रावण, 1938 (श0) / 04 अगस्त, 2016 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 122**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग .. .. | 30 |
| (2) | नगर विकास विभाग .. .. | 30 |
| (3) | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग .. .. | 22 |
| (4) | कृषि विभाग .. .. | 13 |
| (5) | पशुपालन एवं मत्स्य विभाग .. .. | 08 |
| (6) | खाद्य, आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग .. .. | 08 |
| (7) | सहकारिता विभाग .. .. | 09 |
| (8) | विधि विभाग (धार्मिक न्यास) .. .. | 02 |
| | कुल योग --- | 122 |

कार्रवाई कराना

*346. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला में बायो गैस की स्थापना किये बिना ही अनुदान राशि का भुगतान वर्ष 2015-16 में कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर पूर्वी तथा मुजफ्फरपुर पश्चिमी के द्वारा भी जाँच प्रतिवेदन जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर को भेजी गई है जिसमें भयंकर अनियमितता प्रतिवेदित है ;

(3) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन जिला कृषि पदाधिकारी मुजफ्फरपुर द्वारा अनुदान राशि की विमुक्ति में अनियमितता करने के बावजूद उन्हें दण्डित करने के बदले पटना जिला का जिला कृषि पदाधिकारी बना दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत स्थापित सभी बायो गैस की भौतिक जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा राशि का भुगतान

*347. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा नगर निगम के कटहलबाड़ी, चुना भट्ठी, लक्ष्मीसागर में रेल ओवरब्रीज निर्माण हेतु 2008 में 205 भूस्वामियों से भू-अर्जन के पश्चात् उन्हें 20 प्रतिशत मुआवजा की बकाया राशि का भुगतान अबतक नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भू-अर्जन से संबंधित 1 जनवरी, 2014 से लागू भारत सरकार के प्रावधान के आलोक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के विभागीय पत्रांक 949, दिनांक 4 जुलाई, 2014 द्वारा प्रश्नगत मामले में त्वरित कार्रवाई करने हेतु समाहर्ता, दरभंगा को निर्देशित करने के बावजूद अबतक खंड (1) में वर्णित बकाया राशि का भुगतान नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मुआवजा के राशि के भुगतान का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुखाग्नि दर निर्धारण करना

*348. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के श्मशान घाटों में मुखाग्नि देने की दर निर्धारित नहीं रहने के कारण मृतक के परिजनों एवं मुखाग्नि देने वाले अनुसूचित जाति के लोगों के बीच विवाद होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार हर श्मशासन घाट पर मुखाग्नि का दर निर्धारित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पशु चिकित्सक की स्थायी उपलब्धता

*349. ~~श्री~~ श्रीमती भावना झा--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के कलुआही प्रखंड में पशु चिकित्सक पदस्थापित हैं, परन्तु पशु चिकित्सालय का भवन नहीं रहने के कारण पदस्थापित पशु चिकित्सक हमेशा अनुपस्थित रहते हैं, यदि हाँ, तो उक्त भवन निर्माण एवं पशु चिकित्सक की स्थायी उपलब्धता हेतु क्या सरकार कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*350. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत सरमेरा प्रखंड के हुसैना पंचायत में वर्ष 2014 में बाढ़ से हुये खरीफ फसल (धान) की क्षति अनुदान वितरण में हुई अनियमितता का जाँच प्रतिवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरमेरा ने अपने पत्रांक 674, दिनांक 3 जून, 2015 द्वारा जिला पदाधिकारी, नालन्दा को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा था ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरमेरा ने क्षति अनुदान वितरण में भारी अनियमितता पाया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि फसल क्षति अनुदान की राशि सही लाभुक को न देकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी की मिलीभगत से गैर लाभुक को दे दी गई है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा संबंधित व्यक्तियों पर सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

किसानों का बीमा कराना

*351. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में आवेदन देने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2016 तक निर्धारित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के तहत किसानों का बीमा मोतीपुर स्थित बैंकों द्वारा नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

चिकित्सालय का निर्माण

*352. श्री मुन्द्रिका सिंह यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के रतनी फरीदपुर प्रखंड मुख्यालय में कोई पशु चिकित्सालय नहीं रहने के कारण वहाँ के पशुपालकों को बीमार पशु का इलाज कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड मुख्यालय में कबतक पशु चिकित्सालय का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

समस्या का निवारण

*353. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कृषि कार्य के लिये किसानों द्वारा ट्रैक्टर खरीदा जा रहा है जिसमें ट्रैक्टर का निबंधन व्यावसायिक आधार पर किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि किसानों द्वारा खरीदी गई ट्रैक्टर से कृषि कार्य लिया जाता है तथा इसे व्यावसायिक स्तर पर निबंधन होने के कारण किसानों को काफी आर्थिक कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो इस समस्या का निवारण हेतु सरकार की क्या योजना है ?

जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना

*354. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसण्ड नगर पंचायत में वर्ष 2013 से 2016 तक आई० एच० डी० पी० आवास योजना में 482 शौचालय निर्माण, 15,000 कूड़ादान, 4,380 परिवारों के लिये 89, 00,000 (नवासी लाख) रुपये की खरीददारी में अनियमितता एवं श्री अशोक कुमार सफाई जमादार के अवैध नियुक्ति हेतु जनवरी, 2016 में जाँच टीम का गठन किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जाँच दल में श्री चितरंजन सिंह, भा० प्र० से० के सेवानिवृत्त उत्पाद कमिश्नर एवं श्री धीरेन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता जाँच दल के सदस्य बनाये गये हैं तथा जाँच दल को तीन माह में जाँच प्रतिवेदन देना था लेकिन अभीतक जाँच प्रतिवेदन नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

पंचायत का दर्जा दिलाना

*355. डॉ० शमीम अहमद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के छौड़ादानों प्रखण्ड को नगर पंचायत की सारी अर्हताएँ को पूर्ण करने के बावजूद भी नगर पंचायत का दर्जा उपलब्ध नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड को नगर पंचायत का दर्जा कबतक दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कर कार्रवाई करना

*356. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड बसंतपुर, लकड़ी नबीगंज, गोरेयाकोठी में बी० पी० एल० कार्डधारियों के यहाँ वर्ष 2010 से 2013 तक 2,200 रुपये की योजना से शौचालय निर्माण करायी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्मित शौचालय स्थल पर नहीं है, जबकि विभाग के रेकार्ड में सभी बी० पी० एल० कार्डधारियों के यहाँ शौचालय बना दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना का स्थल जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नागरिक सुविधा बहाल करना

*357. श्री अरुण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के मीठापुर अन्तर्राष्ट्रीय बस अड्डा से प्रतिदिन सैकड़ों बसों का परिचालन होता है जिससे हजारों यात्री अपने गन्तव्य स्थल के लिये यात्रा करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित बस अड्डा में पेयजल, शौचालय, यात्री शेड, विद्युत् व्यवस्था के सर्वथा अभाव होने के कारण यात्रियों को प्रत्येक दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मीठापुर बस अड्डा में खण्ड (2) में वर्णित नागरिक सुविधायें बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करना

*358. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव के पत्रांक 2743, दिनांक 28 मई, 2015 द्वारा राज्य के सभी अनुमंडलाधिकारियों को अपने क्षेत्रान्तर्गत नगर पंचायत कार्यालयों का निरीक्षण कर अपना प्रतिवेदन विभाग को भेजने के लिये निदेशित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडलाधिकारी, टिकारी (गया) ने अपने पत्रांक 621, दिनांक 29 फरवरी, 2016 के माध्यम से 30 जनवरी, 2016 को टिकारी नगर पंचायत का निरीक्षण कर वहाँ पायी गई अनियमितताओं से संबंधित एक विस्तृत प्रतिवेदन विभागीय प्रधान सचिव को दिया है, जिसके आलोक में अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो दोषियों के खिलाफ अबतक कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

जलमीनार का निर्माण

*359. डॉ0 अशोक कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोसड़ा प्रखण्ड (जिला समस्तीपुर) अन्तर्गत भिरहा गाँव में स्थापित जलापूर्ति योजना हेतु जलमीनार का निर्माण नहीं होने के कारण लगातार जलापूर्ति में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त जलमीनार का कबतक निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिक्रमण से मुक्त कराना

*360. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टिकारी अनुमंडल मुख्यालय में 200 वर्ष पुराना टिकारी का प्रसिद्ध किला है, जिसका परती भूमि सहित कुल रकबा 224.33 एकड़ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित किला की परती भूमि में से लगभग 15 एकड़ जमीन पर स्थानीय लोगों द्वारा पिछले 40 वर्षों से अतिक्रमण कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित अतिक्रमित भूमि को कब्जा मुक्त करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सामग्री की आपूर्ति

*361. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव, सन्हौला, गोराडीह एवं पीरपैंती प्रखण्डों में लाभुकों को जन-वितरण प्रणाली द्वारा दिये जाने वाले अनाज फरवरी-मार्च माह तक ही दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार शेष महीनों के लिये लाभुकों को मिलने वाली सामग्रियों की आपूर्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना का कार्यान्वयन

*362. श्री सदानन्द सिंह––क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव नगर पंचायत में 25 वर्षों से गंगा नदी में इनटेक वेल लगाकर फिल्ट्रेशन प्लान्ट के माध्यम से जलापूर्ति हो रही थी, किन्तु 4 वर्ष पूर्व आयी बाढ़ में यह टूट गया है, फलतः जलापूर्ति नहीं हो रही है, जिससे आम जनता को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के पत्रांक 7/ज०/109/01/421, दिनांक 26 अप्रील, 2013 द्वारा प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग से योजना की प्रशासनिक स्वीकृति के राशि का आवंटन हेतु अनुरोध किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त योजना का कार्यान्वयन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत शवदाह गृह का निर्माण

*363. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह––क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर एवं बारून प्रखण्ड में पुनपुन घाट तथा सोन घाट पर विद्युत शवदाह गृह नहीं होने से जनता को शवदाह में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त घाटों पर विद्युत शवदाह गृह बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सक की प्रोन्नति

*364. श्री अरूण कुमार सिन्हा––क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों को विगत बारह वर्षों से नियमित प्रोन्नति नहीं दी गई है और पशु चिकित्सक अपने ही मूल वेतनमान में सेवानिवृत्त हो जा रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक पशु चिकित्सकों को पद चिन्हित कर प्रोन्निति देने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

---

कब्जा दिलाना

*365. श्री विजय कुमार खेमका––क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सभी जिलों में सीलिंग ऐक्ट के तहत अधिशेष घोषित भूमि, भू–दान की भूमि, गैर–मजरूआ मालिकाना और गैर–मजरूआ आम जमीन जरूरतमदों के बीच बँटा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभी एक लाख एक्कीस हजार तीन सौ छियालिस गरीब परिवार ऐसे हैं जिनके पास पर्चा है, लेकिन जमीन पर दूसरे का कब्जा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्चाधारियों को उसके जमीन्न का दखल–कब्जा दिलावाना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निष्पादन कराना

*366. श्री मुन्द्रिका सिंह यादव—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के जहानाबाद अंचल में दाखिल–खारिज एवं जमीन अनापत्ति से संबंधित बहुत सारे मामले विगत दो वर्षों से लम्बित पड़े हैं, यदि हाँ, तो उक्त निष्पादन हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

दखल–कब्जा दिलाना

*367. श्री सरोज यादव—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा, बड़हारा, कोईलवर प्रखण्डों में जमीन बंदोबस्ती पर्चाधारियों को आज भी उस जमीन पर दखल–कब्जा नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अंचलों सहित पूरे जिले में पर्चाधारी परिवारों को आजतक बंदोबस्त किये गये जमीन का मालगुजारी रसीद कटता है, लेकिन दखल–कब्जा दूसरों का है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या राज्य सरकार उक्त पर्चाधारी परिवारों के जमीन को दखल–कब्जा दिलाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला सफाई कराना

*368. श्री श्याम रजक—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 14 जून, 2016 को प्रकाशित शीर्षक "बैठक हुई तो उड़ाही को एक सुर में दे डाला फुल मार्क्स" की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम अन्तर्गत बड़े नाले, मेन हॉल एवं कैचपीट की उड़ाही का कार्य 15 मई से शुरू किया जाता है, परन्तु उड़ाही में नाले की गहराई के अनुसार सिल्ट न निकाल कर ऊपर–ऊपर सफाई कर कोरम पूरी की जाती है, जिससे जल की निकासी नहीं हो पाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाकरगंज नाला, अंटा घाट नाला, आशियाना दीघा नाला, आशियाना राजापुर पुल नाला, उत्तरी पटेलनगर नाला, मन्दिरी नाला इत्यादि का पूरा सिल्ट नहीं निकाला गया है, जिससे संबंधित मुहल्ले में जल–जमाव व्याप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार व्यवस्थित ढंग से नाला सफाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

---

राजस्व की क्षति

*369. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय "पप्पू"—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट-अंचल एवं पंचदेवरी अंचल में विगत 5 वर्षों से काबिल लगान की समस्या के कारण हजारों भू–धारियों का दाखिल–खारिज नहीं होने से सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व की क्षति हो रही है, यदि हाँ, तो इस समस्या को दूर करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

जलापूर्ति कराना

*370. श्रीमती (डॉ०) रंजु गीता--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में वित्तीय वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में लगाये गये 50 प्रतिशत चापाकल मानक एवं प्राक्कलन के विपरीत हैं तथा उक्त चापाकल या तो खराब है या गंदा पानी दे रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पूर्व में लगाये गये चापाकलों की जाँच कराते हुये सम्पूर्ण जिला में हर घर नल का पानी पहुँचाने हेतु विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*371. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ नगर निगम में समुचित जल निकासी के लिये पक्के नाले की व्यवस्था नहीं रहने के कारण शहर में जल-जमाव की समस्या बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शहर का मुख्य नाला लालगंज तथा छोटे-बड़े नाले के बराबर जाम रहने से शहर में जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जीर्ण-शीर्ण नालों को साफ कराकर शहर को जल-जमाव से मुक्त कराने तथा पक्के नाले का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति कराना

*372. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंडवासियों के लिये नल का जल हेतु वर्षों पूर्व जलमीनार निर्मित किया गया है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार की मरम्मती हेतु लगभग 1.5 वर्ष पूर्व प्राक्कलन तैयार कर विभाग को भेजा है जो अभीतक लम्बित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जलमीनार की मरम्मती कराकर हरसिद्धि प्रखंडवासियों को नल का जल योजना के तहत जलापूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

घोषणा का कार्यान्वयन

*373. श्री अनिल सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक में दिनांक 15 जुलाई, 2016 को प्रकाशित समाचार शीर्षक ''भूमिहीन सवर्णों का सर्वेक्षण'' के आलोक में क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भूमिहीन सवर्णों को घर बनाने के लिये तीन-तीन डीसमील जमीन देने की सरकार द्वारा दो वर्ष पूर्व घोषणा की गयी थी, परन्तु भूमिहीन सवर्णों की सर्वेक्षित संख्या के अभाव में उक्त घोषणा का कार्यान्वयन नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भूमिहीन सवर्णों का सर्वेक्षण कराकर उपर्युक्त घोषणा को कार्यान्वित करने का विचार रखती है ?

पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

*374. डॉ० जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ एवं सरमेरा प्रखंडों में ए०जी०एम० (गोदाम मैनेजर) का पद विगत तीन वर्षों से रिक्त है तथा बिन्द एवं सरमेरा प्रखंडों में एम०ओ० का भी पद रिक्त पड़ा है जिससे वहाँ की जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों में संबंधित पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*375. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण पंचायत के पंडुक सेठ पोखर वर्षों से अतिक्रमित है, यदि हाँ, तो उसे अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

भुगतान कराना

'क'-- *376. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला सहित पूरे बिहार के किसानों का फसल बीमा का वर्ष 2011-12, 2012-13, 2013-14 का 7 सौ 50 करोड़ रुपया सरकार के जिम्मे बकाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि किसानों को सही समय पर फसल बीमा का लाभ नहीं मिलने से उनकी हालत दयनीय हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बकाये फसल बीमा की राशि का भुगतान कबतक करने का विचार रखती है ?

--------

योजना चालू कराना

*377. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत चकाई एवं सोना प्रखंडों में बागवानी सुगंधित पौधे, आहर, तालाब वाटर शेड आदि योजना चलाने का प्रस्ताव विगत 2010-11 से ही बंद पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रस्ताव को कबतक प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट-- 'क'-- कृषि विभाग से सहकारिता विभाग में स्थानांतरित।

पुनर्वासित कराना

*378. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले के शहरी इलाके में विगत 20 वर्षों से आवासित मजदूर जो किसी तरह टेंट, झोपड़ी डालकर जीवनयापन करने को विवश हैं, यदि हाँ, तो सरकार उन्हें चिह्नित कर स्थायी रूप से पुनर्वासित कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

समस्या से निजात दिलाना

*379. श्री (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आरा के दौलतपुर पंचायत में पानी अशुद्ध है तथा उक्त पंचायत के धुधुआँ गाँव में आर्सेनिक की मात्रा है तथा कुछ घंटों के बाद पानी बिल्कुल लाल हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार दौलतपुर पंचायत के आमजनों को कबतक इस समस्या से निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य कराना

*380. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर नगर पंचायत द्वारा समेकित आवास एवं मलिन बस्ती विकास कार्यक्रम योजना के तहत पिछले तीन वर्षों में कोई योजना नहीं ली गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना में निजी जमीन खोजा जाता है जबकि यह प्रावधान नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवीनगर के डोम टोली, चमर टोली, जनकपुर, दास महल्ला, धोबी महल्ला, शंकरपुर, अनन्दुआ, टिल्हापुर, गूर्दा, रामनगर, साया, शिवा बिगहा में समेकित आवास एवं मलिन बस्ती विकास कार्यक्रम के तहत कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क एवं नाला का निर्माण

*381. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत नगर पंचायत शेरघाटी में राज्य योजना मद से दिसम्बर, 2014 में डाकबंगला रोड से काली मंदिर से दरबार हाउस तक सड़क एवं नाला निर्माण तथा फरवरी, 2015 में डाकबंगला रोड से लीपगंज चट्टी होते नदी तक सड़क एवं नाला बनवाने की योजना स्वीकृत है, यदि हाँ, तो अभीतक कार्य शुरू नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

---------

चापाकल चालू कराना

*382. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2012-13, 2013-14 एवं 2014-15 तक कुल 100 चापाकल गाड़े गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चापाकल गाड़ने के एक माह के अंदर खराब हो गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त खराब चापाकलों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा मुहैया कराना

*383. <u>श्रीमती सावित्री देवी</u>--क्या मंत्री, विधि (धार्मिक न्यास) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनो प्रखंड स्थित बाबा झुमराज स्थान, बटिया के मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पूजा-अर्जना हेतु आते रहते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त धार्मिक स्थल पर श्रद्धालुओं को पेयजल, धर्मशाला, सड़क आदि की व्यवस्था नहीं रहने से काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त धार्मिक स्थलों के श्रद्धालुओं को सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

फसल बीमाधारियों को भुगतान

*384. <u>श्री नन्द कुमार राय</u>--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मोतीपुर प्रखण्ड में पैक्सों द्वारा वर्ष 2009-10 में पैक्स क्षेत्र के अधीन एवं पैक्स क्षेत्र के बाहरी किसानों का फसल बीमा किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 2009-10 में मोतीपुर प्रखण्ड में 4,444 किसानों का खरीफ फसल आलू, गेहूँ सहित अन्य फसलों का बीमा सुखाड़ के कारण उत्पादन कम पर किया गया है, जिनमें बीमाधारियों में से 1,132 किसानों का बीमा का भुगतान कर दिया गया है, शेष 3,312 बीमाधारियों का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक 3,312 फसल बीमाधारियों को भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल निकासी की समुचित व्यवस्था

*385. <u>श्री आनन्द शंकर सिंह</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद नगर परिषद् क्षेत्र के सत्येन्द्र नगर कॉलोनी, नागा बिगहा, भक्ति नगर, वीर कुंवर सिंह नगर, श्री कृष्ण नगर मुहल्लों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में भीषण जल-जमाव हो जाता है, जिसके कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन मुहल्लों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बोरिंग चालू कराना

*386. <u>श्री निरंजन कुमार मेहता</u>--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत बिहारीगंज प्रखंड के मोहनपुर पंचायत के रहटा गाँव में स्टेट बोरिंग का निर्माण कार्य तीन वर्ष पूर्व कराया गया था, परन्तु अभीतक इसे चालू नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसे चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण से मुक्त कराना

*387. श्री बीरेन्द्र कुमार-- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पुसा प्रखण्ड के मौजा अख्तियारपुर चन्दौली थाना नम्बर 46, खाता संख्या 1798, खेसरा संख्या पुराना 2291, 2302, एवं 2303 के सीमांकन के बाद भी स्थानीय श्री अरविन्द राय उर्फ बाबाजी एवं अन्य द्वारा अतिक्रमित कर लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित खाता एवं खेसरा संख्या के भूस्वामी बी०पी०एल० श्रेणी से आते हैं तथा गरीब हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*388. श्री आनन्द शंकर सिंह-- क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी प्रखण्ड के चेरकी पैक्स, गोपालपुर पैक्स एवं बार पैक्स में धान एवं गेहूँ की खरीद वर्ष 2012 से की जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित पैक्स के अध्यक्ष एवं पैक्स प्रबंधक के मिली भगत से गलत एल०पी०सी० के आधार पर धान खरीद की गई है;

(3) क्या यह बात सही है कि स्थानीय गोदाम प्रबंधक जयमंगल सिंह ने चेरकी पैक्स अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, पैक्स प्रबंधक श्री विरेन्द्र यादव एवं विशुनपुरा राइस मिल मालिक पर डेढ़ करोड़ रुपये के गबन का आरोप लगाया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपरोक्त वर्णित पैक्सों के द्वारा की गई धान खरीद का वर्ष 2012 से वित्तीय वर्ष 2015-16 तक की जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी एवं पैक्स के अध्यक्षों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*389. श्री भोला यादव-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर का पानी निकासी हेतु आठ करोड़ के लागत से दोनार गुमती से कमला नदी (टिनही पुल) तक नाला निर्माण के लिये डी०पी०आर० हेतु नगर आयुक्त, दरभंगा के पत्रांक 2545, दिनांक 16 जून, 2016 द्वारा नगर विकास विभाग से अनुरोध किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला के निर्माण नहीं होने के कारण दरभंगा शहर के साथ-साथ दिलवारपुर, भैरोपट्टी एवं गंज गाँव का पानी निकासी नहीं हो रहा है;

(3) यदि ऊपर वर्णित खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नाला का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

भू-खण्ड का आवंटन

*390. श्री ललन पासवान-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के पटना जिला सहित अन्य जिलों में बिहार आवास बोर्ड की 300 भू खण्ड खाली पड़े हुये हैं, जिसका 10 वर्षों से आवंटन नहीं हो रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त खाली पड़े भू-खण्डों को आवंटित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषियों पर कार्रवाई

*391. श्री नितिन नवीन-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम द्वारा नक्शा पास करने की समय-सीमा 60 दिन निर्धारित की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त समय सीमा का उल्लंघन करते हुये वर्ष 2015 में 89 आवेदन के विरुद्ध मात्र 18 तथा वर्ष 2016 में अबतक 60 आवेदन के विरुद्ध 1 नक्सा ही पास किया गया है और क्रमश: 71 एवं 59 आवेदन अभीतक लम्बित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नक्शा पास करने की प्रणाली को दुरुस्त करने तथा विलम्ब के लिये दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थानान्तरित करना

*392. श्रीमती बीमा भारती-- क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अंतर्गत सिंहेश्वर प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी विगत चार वर्षों से अधिक समय से यहाँ पदस्थापित हैं, जबकि सरकार का निर्णय है कि किसी कर्मचारी एवं पदाधिकारी को एक स्थान पर तीन वर्षों से अधिक समय तक पदस्थापित नहीं रहना है, यदि हाँ, तो सरकार द्वारा वर्णित पदाधिकारी को चार वर्षों तक एक स्थान पर प्रतिनियुक्त रखने का क्या औचित्य है ?

कार्य शुरू कराना

*393. डॉ० संजीव चौरसिया-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेली रोड आशियाना मोड़ से दक्षिण की ओर बी०एम०पी० रोड की तरफ जानेवाली नाला पर सड़क निर्माण हेतु दो बार प्राक्कलन तैयार हुआ था, परन्तु कार्य अबतक प्रशासनिक स्वीकृति के अभाव में शुरू नहीं हो पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि आशियाना मोड़ से दक्षिण की ओर बी०एम०पी० रोड की चौड़ाई कम होने के कारण लोगों को यातायात में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला पर सड़क निर्माण हेतु बने प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति देते हुये कार्य शुरू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

लाइट ठीक कराना

*394. डॉ० (मो०) जावेद-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के किशनगंज नगर परिषद् अन्तर्गत स्ट्रीट लाइट के लिये भेपर लाइट एवं हाई मास्क लाइट लगे हुये हैं, जो खराब हैं, यदि हाँ, तो इसे ठीक कराने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

किसान भवन का निर्माण

*395. श्री राणा रणधीर --क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पकड़ीदयाल प्रखण्ड परिसर में ई0 किसान भवन का निर्माण कार्य फरवरी, 2015 से प्रारम्भ हुआ एवं दिसम्बर, 2015 तक पूरा करने की तिथि निर्धारित थी परन्तु अबतक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार ई0 किसान भवन का निर्माण कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है ?

---

राशन का वितरण

*396. डॉ0 शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कदवा प्रखण्ड के प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी विगत आठ माह से अपने कार्य स्थल पर नहीं आ रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड के प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी के कार्य स्थल पर नहीं होने के कारण खाद्य सुरक्षा एवं अन्य राशन तथा किराशन तेल योजना से लाभान्वित होने वाले उपभोक्ताओं के बीच विगत आठ माह से राशन का सही ढंग से वितरण नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त प्रखण्ड के प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी के कार्य स्थल पर अनुपस्थित रहने का क्या औचित्य है ?

---

जलमीनार का निर्माण

*397. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कदवा प्रखण्ड के शेखपुरा ग्राम पंचायत में जलमीनार नहीं होने के कारण आम जनता को शुद्ध पेयजल की कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत में जलमीनार का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट लगाना

*398. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के नगर निगम क्षेत्र के अंदर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, वर्षा का संचय और अतिरिक्त जल की निकासी एक गंभीर समस्या है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नगर निगम क्षेत्र में वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट लगाने का का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शोधन संयंत्र लगाना

*399. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर निगम क्षेत्र के नालों में विसर्जित गंदा जल, जल शोधन संयंत्र नहीं होने के कारण शहर के चारों ओर निजी कृषि भूमि में जमा हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि निजी कृषि भूमि में गन्दा जल जमा होने से सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि में कृषि कार्य बन्द है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गन्दे जल के शोधन हेतु संयंत्र लगाते हुये कृषि भूमि को बर्बाद होने से रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

भुगतान कराना

*400. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार में सहकारिता विभाग द्वारा धान एवं गेहूँ का क्रय किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि किसानों को भुगतान लेने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा इसमें काफी समय लग जाता है, यदि हाँ, तो क्रय केन्द्रों पर धान-गेहूँ का मूल्य भुगतान हेतु सरकार की क्या योजना है ?

------------

जलापूर्ति कराना

*401. डॉ0 अशोक कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के सिंघिया प्रखण्ड मुख्यालय में वर्ष 2013-14 में ही जलापूर्ति योजना अन्तर्गत पानी टंकी तथा बोरिंग का निर्माण कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि दो वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक प्रखण्ड मुख्यालय के किसी घर में पाइप द्वारा जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं हो पाई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जलापूर्ति योजना के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा कर पाइप द्वारा स्थानीय जनता को जलापूर्ति करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

जन-वितरण प्रणाली के दुकान का आवंटन

*402. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत प्यारेपुर पंचायत में छः में से दो जन-वितरण प्रणाली की दुकानों के माध्यम से ही लाभुकों के बीच खाद्य सामग्री वितरण का कार्य चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्यारेपुर पंचायत की चार जन-वितरण प्रणाली की दुकानों का लाइसेंस विभाग द्वारा विभिन्न कारणों से रद्द कर दिया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि निर्धारित संख्या में जन-वितरण प्रणाली की दुकानों के अभाव के कारण प्यारेपुर के गरीबों को समय से मिलने वाली खाद्य सामग्री से वंचित होना पड़ रहा है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में अतिरिक्त जन-वितरण प्रणाली की दुकान आवंटित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आवास उपलब्ध कराना

*403. श्री सुरेश कुमार शर्मा—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला में शहर के नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत सरकार की भूमि पर दलित–महादलित गरीब लोग विगत कई वर्षों से बसे हुये हैं, परन्तु अतिक्रमण के नाम पर उन्हें हटाया जा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

जाँच कराना

*404. श्री विजय कुमार विजय—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला में मुंगेर शहरी जलापूर्ति योजना के अन्तर्गत वर्ष 2010–11 में एकरारनामा किया गया था तथा कार्य की समाप्ति की अवधि 18 महीना तय था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले मार्च, 2015 तक कुल 20 करोड़ 26 लाख से अधिक रुपया व्यय किये जा चुके हैं, परन्तु अभीतक योजना पूरी नहीं हो पायी है, जिससे मुंगेर नगर निगम क्षेत्र में पानी की घोर संकट पैदा हो गया है तथा कार्य में अनियमितता बरती गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना पूरा कराना

*405. श्री सुबोध राय—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत जहांगीरा (सुलतानगंज) में बहु ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना तथा मंझली गाँव में पेयजल आपूर्ति योजना के अन्तर्गत विगत तीन वर्ष पूर्व काम शुरू हुआ, किन्तु काम की गति काफी धीमी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त योजनाओं को अविलम्ब पूरा करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

योजना का पालन कराना

*406. श्री (मो०) नवाज आलम—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा डोर स्टेप डिलेवरी संकल्प योजना 2016 के अनुसार सभी जन–वितरण प्रणाली दुकानदारों को खाद्य पदार्थ दुकानों तक पहुँचाने का लक्ष्य था ;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा सदर में जन–वितरण प्रणाली के दुकानदारों को डोर स्टेप डिलेवरी संकल्प योजना के तहत खाद्य पदार्थ नहीं पहुँचाया जाता है, जिससे काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इस नियम का पालन करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाले की सफाई

*407. डॉ० (मो०) जावेद—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला को किशनगंज नगर परिषद् के केसेरा पट्टी रोड के नालों की वर्षों से सफाई नही होने के कारण वर्षा के समय नालो का पानी सड़क पर आ जाता है जिसके कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है एवं गंदगी की समस्या उत्पन्न होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नाले की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना को पूर्ण कराना

*408. श्री अवधेश सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत बिदुपुर प्रखंड में बहु ग्रामीण पेयजल का निर्माण वित्तीय वर्ष 2012–13 में 118 करोड़ की लागत से शुरू किया गया था, जिसे 2014–15 में पूरा करना था लेकिन ब्रॉच लाइन सहित अन्य कार्य बाकी है तथा कार्य एक वर्ष से बंद पड़ा है, यदि हाँ, तो योजना का कार्य पूर्ण नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

कमिटी गठित करना

*409. श्री दिनेश चन्द्र यादव—क्या मंत्री, विधि (धार्मिक न्यास) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी पुरानी (मखाना) बाजार, सिमरी बख्तियारपुर, धार्मिक न्यास बोर्ड से रजिस्टर्ड रहने के बावजूद उसके देख–रेख के लिये स्थानीय कमिटी नहीं रहने से उसके सम्पत्ति का बन्दरबॉट हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ठाकुरबाड़ी के देख–रेख के लिये कबतक कमिटी गठित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिक्रमण मुक्त कराना

*410. श्री फैयाज अहमद—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत स्वास्थ्य उप–केन्द्र, बरदाहा की जमीन कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार स्वास्थ्य उप–केन्द्र, बरदाहा के जमीन का सीमांकन के साथ अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है ?

राशि का भुगतान

*411. श्री विद्यासागर केशरी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 1990 के दशक में अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखंड के कुसमाहा पंचायत के आमगाछी मौजा की जमीन की चकबंदी पूर्ण कर ली गई है, जिसका चकधारी द्वारा चकखाता एवं खेसरा की जमाबंदी रसीद एवं लगान की राशि दी जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मौजा की जमीन बोर्डर रोड में भू-अर्जित की गई है, जिसका मुआवजे की राशि एवं मलिकाना हक चकधारी को अभीतक प्राप्त नहीं हो सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार चकधारी को भू-अर्जन की राशि का भुगतान भू-अर्जन विभाग से कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टॉक की जानकारी का बोर्ड लगाना

*412. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला सहित पूरे बिहार में जन-वितरण प्रणाली की दुकान पर प्रावधान के बावजूद दुकान के बाहर बोर्ड पर स्पष्ट रूप से स्टॉक की जानकारी दर्ज नहीं रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपभोक्ताओं की सूची भी उपलब्ध नहीं रहने से कई उपभोक्ता को इस दुकान से उस दुकान भटकना पड़ता है एवं सही जानकारी नहीं मिल पाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी जन-वितरण प्रणाली के दुकान पर बाहर बोर्ड पर स्टॉक की जानकारी तथा उपभोक्ता सूची उपलब्ध कराकर उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान करने का विचार रखती है ?

--------

जलापूर्ति कराना

*413. श्री गजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया प्रखण्डवासियों के लिये नल का जल हेतु वर्षों पूर्व निर्मित जलमीनार जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हो गयी है, जिससे जलापूर्ति पूर्णरूपेण बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार की मरम्मती हेतु लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व प्राक्कलन तैयार कर विभाग भेजा है जो अभीतक लम्बित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जलमीनार की मरम्मती कराकर तुरकौलिया प्रखण्डवासियों को नल का जल योजना के तहत जलापूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना का लाभ दिलाना

*414. डॉ० शमीम अहमद--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी जिलों में किसानों को कम दर पर बीज की आपूर्ति का प्रावधान है, परन्तु समय पर बीज आपूर्ति नहीं होने के कारण किसानों को योजना का लाभ नहीं मिलता है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

कार्रवाई करना

*415. श्री राम विलास पासवान--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 जून, 2016 को प्रकाशित समाचार शीर्षक ''रिश्वत लिया, लौटाया, अब धमका रहे हैं'' के आलोक में क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत उदाकिशुनगंज के डी०सी०एल०आर० द्वारा रिश्वत लिया गया जो शिकायत किये जाने पर लौटा दिया गया है तथा डी०सी०एल०आर० द्वारा शिकायतकर्ता को शिकायत वापस लेने हेतु धमकी दी जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार दोषी डी०सी०एल०आर० पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति कराना

*416. श्री विजय शंकर दूबे--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के जलालपुर प्रखंड मुख्यालय में जलापूर्ति योजना के अन्तर्गत निर्मित टावर बंद है, जिससे प्रखंड मुख्यालय के सभी कार्यालयों सहित स्थानीय जनता को शुद्ध पेयजल नहीं मिलने के कारण असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार जलालपुर प्रखंड मुख्यालय के राजकीय जलापूर्ति योजना में विद्युत् प्रबंधन कर कबतक जलापूर्ति चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भंडारण की व्यवस्था

*417. श्री संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में पान की खेती लगभग 20 जिलों में होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पान की खेती करने वाले किसान को राज्य सरकार के द्वारा अनुदान उचित समय पर नहीं दिया जाता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बिहार में पान किसान के तैयार पान का भंडारण की उचित व्यवस्था नहीं होने एवं स्थानीय स्तर पर मंडी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है, जिससे पान किसानों में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पान किसानों के हित में कृषि अनुदान उचित समय पर देने, मंडी की उचित व्यवस्था कराने एवं जिला स्तर पर पान भंडारण की व्यवस्था कराकर किसानों को भुखमरी से बचाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

समिति में किसानों को रखना

*418. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के सभी प्रखंडों में प्रखंड कृषि सलाहकार समिति का गठन वर्ष 2016 में किया गया है, परन्तु समिति में किसानों को नहीं रखा गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

बकाया का भुगतान

*419. श्री रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद कार्यालय, पटना में श्री राजेन्द्र महतो, अनुसेवक के पद पर प्रतिनियुक्त थे जिनकी मृत्यु दिनांक 28 फरवरी, 2013 को हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुसेवक की मृत्यु के उपरान्त उनके आश्रित को जी0 पी0 एफ0 एवं अन्य बकाया राशि का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व0 महतो के आश्रित को जी0 पी0 एफ0 एवं अन्य बकाया राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सालय की स्थापना

*420. डॉ0 रंजु गीता--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बाजपट्टी के पंचायत मधुवन बसड़ा पश्चिमी के ग्राम बसहा में एक भी पशु चिकित्सालय नहीं है, जिससे पशुपालकों को पशु का इलाज करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित गाँव में कबतक पशु चिकित्सालय की स्थापना करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशन व किरासन का वितरण

*421. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अन्तर्गत जमुआ, चन्द्रदेई, रामपुर कोदरकट्टी, हयातपुर एवं अन्य पंचायतों में राशन व किरासन के कूपन के पूर्ण वितरण होने के बावजूद पिछले छः माह से राशन व किरासन का वितरण नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

कार्रवाई करना

*422. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य भंडार गृह लोहरदगा, झारखण्ड में गोदाम प्रभारी के रूप में 2002 में श्री अजीत कुमार पाण्डेय पदस्थापित थे तथा उनके द्वारा की गई अनियमितता का रिकभरी इनके पेंशन एवं अन्य स्रोत से करीब 22 लाख रुपये का किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भंडार निगम द्वारा ऐसे भ्रष्ट श्री अजीत कुमार पाण्डेय को पुनः मुख्यालय (सासाराम) में संविदा पर बहाल किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी को संविदा पर रखने वाले प्रबंध निदेशक पर कार्रवाई करते हुये श्री पाण्डेय को संविदा से हटाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बस पड़ाव का निर्माण

*423. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के मीरगंज नगर पंचायत में बस पड़ाव का स्थल निर्धारित है, पर अबतक बस पड़ाव का निर्माण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बस पड़ाव नहीं होने के कारण सड़क पर बस एवं गाड़ियों के लगने से हमेशा जाम की स्थिति रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रावधान के आलोक में मीरगंज नगर पंचायत में बस पड़ाव बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थानान्तरण कराना

*424. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 1972 में ही बेगूसराय को जिला का दर्जा मिलने के बावजूद भी जिले के भूमि संबंधी अभिलेख अभीतक मुंगेर जिले में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन भूमि अभिलेखों के मुंगेर से बेगूसराय जिले में स्थानान्तरित हो जाने से हजारों भूमि धारकों को फायदा होगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन अभिलेखों को मुंगेर से बेगूसराय जिले में स्थानान्तरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

शुद्ध पेयजल आपूर्ति करना

*425. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत के० नगर प्रखण्ड अधीन भूड़ी पश्चिम टोला, धमदाहा प्रखण्ड अधीन पारसमणि ग्राम में सौर ऊर्जा संचालित मिनी जलापूर्ति योजनान्तर्गत निर्मित शुद्ध पेयजल यंत्र रख-रखाव के अभाव में अशुद्ध पेयजल आपूर्ति कर रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

अतिक्रमण से मुक्त कराना

*426. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड विधान-सभा क्षेत्र के चोरौत मेला मैदान एवं चोरौत बाजार की जमीन पर असामाजिक तत्वों द्वारा विगत तीन वर्षों से अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है ?

शौचालय का निर्माण

*427. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बारसोई अनुमंडल का मुख्य बाजार बारसोई में एक भी सार्वजनिक सुलभ शौचालय नहीं है, जबकि पूर्व में बारसोई बाजार के सब्जी हट्टी में तथा मस्जिद चौक पर एक एक सुलभ शौचालय बनाया गया था लेकिन अधूरे रह जाने के कारण वह भी कूड़े के ढ़ेर में तब्दील हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार बारसोई बाजार के आबादी को देखते हुये आबादी वाले महत्वपूर्ण जगहों में सार्वजनिक शौचालय निर्माण करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

जलमीनार का निर्माण

*428. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखण्ड के वीरनगर पश्चिम पंचायत के ग्राम वीरनगर की आबादी 3000 से अधिक है, जहाँ जलमीनार का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को आयरन मुक्त स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति में बाधा हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में जलमीनार बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा उपलब्ध कराना

*429. श्री श्याम रजक--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 जून, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''जाना था छपरा चढ़ा दिया बेतिया की बस पर'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के मीठापुर अन्तर्राजीय बस स्टैण्ड में जल निकासी, सफाई व्यवस्था, शौचालय, यात्री पड़ाव, समुचित प्रकाश व्यवस्था नहीं है, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो उक्त सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---------

पशु चिकित्सालय खोलना

*430. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत फलका प्रखंड के सबदा पंचायत में पशु चिकित्सालय नहीं रहने से पशुपालकों को पशुओं की चिकित्सा कराने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पशु चिकित्सालय कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## जलापूर्ति कराना

*431. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सात निश्चय के अन्तर्गत बिहार को हर घर में नल एवं जल देने की सुविधा की घोषणा सरकार द्वारा की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड परिसर में निर्मित जलमीनार जो बनकर तैयार है उससे एक बूंद पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे आजमनगर तथा आलमपुर पंचायत के 25 गाँवों में पानी के लिये नागरिकों के बीच हाहाकार मचा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आजमनगर प्रखण्ड परिसर में निर्मित जलमीनार से जल की आपूर्ति करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

---------

## मापी कराना

*432. श्री विजय कुमार विजय--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंचल लदनियाँ एवं अंचल बासोपट्टी के अंचल अमीन द्वारा मापी प्रतिवेदन वर्ष 2010 से 2015 में उसी वर्ष जमा किया जाना था, जो अभीतक जमा नहीं किया गया है, जिस कारण भूमि मापी करवाने वाले भू-स्वामी को काफी परेशानी हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त दोनों अंचल अमीन को हल्का का प्रभार दिया गया है, जिस कारण मापी कार्य लम्बित हो रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

## रिक्त पद पर प्रतिनियुक्ति करना

*433. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा अंचल के अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी का एक पद, लिपिक का एक पद एवं अनुसेवक का एक पद विगत 5 वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार कसबा अंचल कार्यालय में उक्त रिक्त पद पर कबतक प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## अतिक्रमण मुक्त कराना

*434. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड सुगौली के पंजियरवा पंचायत के पंजियरवा सरकारी पोखरा के अधिकतम भू-भाग पर कुछ असामाजिक तत्वों एवं दबंगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया है जिस कारण स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है, यदि हाँ, तो इसे अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

जल-जमाव से मुक्त कराना

*435. श्री संजय सरावगी--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 जून, 2016 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''बारिश ने खोली नगर निगम की पोल'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिनांक 25 जून, 2016 को दरभंगा शहर में हुई बारिश के बाद दरभंगा टावर चौक, लक्ष्मीसागर मोहल्ला, बंगाली टोला, बलभद्रपुर, खान चौक, मदारपुर, मोगलपुरा, रहम खाँ, दरभंगा नगर निगम कार्यालय, सी०एम०साईन्स कॉलेज के आस-पास एवं गाँधी नगर, कटरहिया मोहल्ला में हुये भीषण जल-जमाव के कारण लोगों को भयंकर दिक्कतों का सामना करना पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार दरभंगा को जल-जमाव से मुक्त करने हेतु कौन-सा कारगर कदम उठाने का विचार रखती है ?

--------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*436. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखंड सुगौली के उत्तरी सुगाँव पंचायत में अवस्थित लमौनिया सैरात परती जो पाँच एकड़ है, भूमि के कुछ भू-भाग पर अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भू-खंड को अतिक्रमण मुक्त कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*437. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नगर परिषद्, सहरसा अन्तर्गत मत्स्यगंधा झील काफी रमनीक एवं आकर्षण का केन्द्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मत्स्यगंधा झील के चारों तरफ पी०सी०सी० पथ, घाट एवं सौन्दर्यीकरण कार्य निर्माण के लिये विशेष कार्य पदाधिकारी नगर विकास विभाग के पत्रांक 6097, दिनांक 11 दिसम्बर, 2015 के आलोक में जिला पदाधिकारी, सहरसा ने योजनाओं का प्राक्कलन तैयार कराकर पत्रांक 314 गो०, दिनांक 28 दिसम्बर, 2015 द्वारा प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को योजना की स्वीकृति करते हुये आवंटन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त योजनाओं की स्वीकृति देकर निर्माण कार्य कबतक शुरू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

फसल बीमा क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान

*'ख'-438. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखंड के अन्तर्गत किसानों को वित्तीय वर्ष 2011-12 एवं 2014-15 का फसल बीमा क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो उक्त बकाया राशि का भुगतान हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

---

नोट-- 'ख'-कृषि विभाग से सहकारिता विभाग में स्थानांतरित।

कर्मियों का पदस्थापन

*439. श्री नितिन नवीन--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 मार्च, 2016 के अंक में प्रकाशित समाचार शीर्षक'' कनेक्शन कितना-कितने बाकी, जल पर्षद् को यही नहीं मालूम'' के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सात निश्चय के तहत हर घर नल-जल योजना के तहत हर घर में पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जल पर्षद् के अधिकारियों को यह भी नहीं मालूम है कि शहर की जरूरत को पुरा करने के लिये कितने क्युबिक लीटर पानी की जरूरत है, कितने शहरवासियों को पेयजल का कनेक्शन दिया है और कितने को देने की आवश्यकता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पटना जल पर्षद् के स्वीकृत बल 49 की जगह 19 कर्मी ही कार्यरत हैं जिनपर 1,200 किलो मीटर लंबी वाटर पाइप लाइन की देख-रेख का दायित्व है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना जल पर्षद् में स्वीकृत बल के अनुरूप कर्मियों का पदस्थापन करने तथा सर्वे कराकर आवश्यकता के अनुरूप पाइप लाइन विस्तार का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

डीजल अनुदान उपलब्ध कराना

*440. श्री तारकिशोर प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 5 जुलाई, 2016 को प्रकाशित समाचार शीर्षक ''24 प्रतिशत कम बारिश, 33 प्रतिशत खेतों में बिचड़ा भी नहीं पड़ा'' के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में कम बारिश के कारण बिचड़ा डालने का काम मात्र 67.34 प्रतिशत ही हो सका है, जिससे धान की रोपनी कम होने के आसार हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार राज्य के किसानों को धान रोपनी के लिये कबतक डीजल अनुदान देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शौचालय का निर्माण

*441. श्री (डॉ०) मेवा लाल चौधरी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत तारापुर, संग्रामपुर, असरगंज, टेटिया बम्बर एवं हवेली खड़कपुर प्रखंड में 95 प्रतिशत लोग शौचालय के अभाव में बाहर में शौच करने को विवश हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत वर्ष 2011-12 तक शत-प्रतिशत घरों में शौचालय निर्माण का लक्ष्य रखा गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में शौचालय निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति कराना

*442. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत प्राणपुर प्रखंड में सौर ऊर्जा से संचालित मिनी पाइप जलापूर्ति योजना की सभी योजना मृतप्राय हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राणपुर प्रखंड के काबिलपुर, बुधनगर में स्थापित इस योजना से एक बूंद पानी भी ग्रामीणों को प्राप्त नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सौर ऊर्जा से संचालित मिनी पाइप जलापूर्ति योजना को सरकार चालू कर सभी ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक ?

अतिक्रमण मुक्त कराना

*443. डॉ० मेवालाल चौधरी—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत हवेली खड़गपुर के नगर पंचायत के वार्ड संख्या 12 में भू–माफियाओं द्वारा नाले को अतिक्रमण कर भवन निर्माण कराया जा रहा है, जिससे जल–जमाव की भीषण स्थिति उत्पन्न हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल को अतिक्रमण मुक्त कर जल–जमाव से आमजन को कबतक मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलमीनार का निर्माण

*444. श्री नीरज कुमार—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी एवं कुर्सेला प्रखण्ड में जलमीनार का निर्माण नहीं होने के कारण जनता को शुद्ध पेयजल आपूर्ति में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्डों में कबतक जलमीनार का निर्माण कराकर शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तालाब की सफाई

*445. डॉ० सी०एन० गुप्ता—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर नगर पंचायत में मानसरोवर नामक तालाब है जिसके एक छोर पर श्रीरामजानकी मंदिर है, जिसमें आस्थावान लोग पूजा–अर्चना करते हैं और छठ वर्ष के अवसर पर भी तालाब का उपयोग किया जाता रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में उक्त तालाब में नगर पंचायत द्वारा शहर के कूड़े–कचड़े का निस्तारण किया जा रहा है, जिससे तालाब का अस्तित्व संकट में है तथा साथ ही पर्यावरण प्रदूषण और घातक बीमारियाँ फैलने लगी है, यदि हाँ, तो उक्त तालाब की सफाई, रख–रखाव एवं कूड़ा–कचड़ा के निस्तारण हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

जलमीनार चालू कराना

*446. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के सिकन्दरा लोहन्डा में जलमीनार लगभग एक वर्ष पूर्व से बनकर तैयार है, लेकिन अभीतक चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार सिकन्दरा लोहन्डा में जलमीनार को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल निर्माण हेतु भू–अर्जन

*447. श्री मिथिलेश तिवारी—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड अन्तर्गत गंडक नदी पर बंगरा घाट पुल निर्माण हेतु भू–अर्जन की कार्रवाई अबतक नहीं की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिना भू–अर्जन किये ही उक्त स्थान पर पुल निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ था जो अब प्रभावित किसानों के विरोध के कारण गत छः माह से पुल निर्माण कार्य बन्द है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के एप्रोच रोड निर्माण हेतु भी अबतक भू–अर्जन की कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बन्द पड़े बंगरा घाट पुल एवं एप्रोच रोड के निर्माण हेतु भू–अर्जन की कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

शौचालय बनाना

*448. श्री जिवेश कुमार—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले विधान–सभा अन्तर्गत भरवाड़ा, कमतौल एवं जाले घनी आबादी वाला बाजार है, जहाँ एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं रहने के कारण बाजार आनेवाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा खुले में शौच जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जगहों पर सार्वजनिक शौचालय बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलमीनार का निर्माण

*449. श्री फैयाज अहमद—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 5 हजार से अधिक की आबादी वाले गाँव में जलमीनार के माध्यम से जलापूर्ति सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकार कृत संकल्पित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी विधान–सभा क्षेत्र के परसौनी (दक्षिण) छछुआ, बाँका एवं इजरा (रहिका) गाँवों की आबादी 10 हजार से अधिक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में जलापूर्ति हेतु जलमीनार के निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ब्याज माफ कर वसूली करना

*450. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद् एवं बड़हिया नगर पंचायत में विगत पाँच वर्षों से होल्डिंग टैक्स राशि का बकाया है, यदि हाँ, तो होल्डिंग टैक्स से ब्याज को माफ कर वसूली करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

गुणवत्ता की जाँच

*451. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नगर परिषद् क्षेत्र में वर्ष 2015-16 में सड़क एवं नाला का निर्माण मानक एवं प्राक्कलन के अनुरूप नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार निर्माणाधीन कार्यों का गुणवत्ता की जाँच कराने एवं दोषी कर्मियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अमीन की नियुक्ति

*452. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार अंचल में सरकारी अमीन नहीं होने के वजह से वहाँ जमीन एवं रोड संबंधित विवाद सुलझ नहीं पाता जिससे वहाँ के लोगों को काफी आक्रोश है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अंचल में सरकारी अमीन कबतक बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जलापूर्ति कराना

*453. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बंदरा प्रखण्ड मुख्यालय में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत पानी टंकी आदि का निर्माण कराया गया है, परन्तु अभीतक जलापूर्ति कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------------

क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान

*454. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा, बड़हरा, कोईलवर प्रखण्डों में वित्तीय वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 में किसानों को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति राशि का वितरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में क्षतिपूर्ति राशि का वितरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जलापूर्ति कराना

*455. श्री रमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के जीरादेई प्रखण्ड के लेपहा बाजार में त्वरित ग्रामीण जलापूर्ति योजना अन्तर्गत पानी टंकी और पाइप लाइन बिछाने का कार्य दो वर्ष पूर्व ही सम्पन्न हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि घटिया पाइप लाइन बिछाने के कारण जलापूर्ति शुरू होते ही पाइप लाइन से लीकेज शुरू हो जाता है और इसी कारण जलापूर्ति का कार्य बंद रखा जाता है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

जाँच कराना

*456. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि श्री मनोज कुमार सिंह एवं श्री विरेन्द्र कुमार की नियुक्ति प्रापण सहायक के पद पर कॉम्फेड में दिनांक 8 जनवरी, 2014 को योगदान देकर हुई थी, परन्तु 21 अगस्त, 2015 को औचक निरीक्षण के दौरान नये प्रबंध निदेशक ने उन्हें नहीं पहचानने के कारण दिनांक 2 सितम्बर, 2015 को सेवा समाप्त कर दिया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उन्हें न्याय दिलाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

------------

केन्द्र का आवंटन

*457. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में सुधा उत्पादन केन्द्र का आवंटन वित्तीय वर्ष 2005 से 2016 तक 4,000 (चार हजार) लोगों को दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आवंटन सुधा उत्पादन केन्द्र का 50 अनुसूचित जाति/जन-जाति के समुदाय के व्यक्तियों को दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार केन्द्र का आवंटन कर प्राथमिकता देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सब्सिडी निर्गत कराना

*458. श्री सुबेदार दास--क्या मंत्री, पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के मखदुमपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत बैंक ऑफ इंडिया, मखदुमपुर द्वारा वर्ष 2014-15 में पाँच लाख प्रति व्यक्ति के हिसाब से डेयरी लोन के लिये पैंतालिस लाभुकों को चयन कर उन्हें चार लाख पचास हजार रुपये वितरित किया जा चुका है, परन्तु उनके सब्सिडी की राशि अभीतक निर्गत नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार लाभुकों को सब्सिडी निर्गत करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

------------

जलमीनार का निर्माण

*459. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के खुटहा बैजनाथपुर पंचायत के ग्राम-चरैयाहाट की जन संख्या काफी घनी है और प्रतिदिन आस-पास के गाँव से लोग वहाँ हाट करने आते हैं, लेकिन वहाँ जलमीनार का निर्माण नहीं होने के कारण लोगों का आयरन मुक्त स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में जलमीनार बनाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण से मुक्त कराना

*460. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी अंचल के पुपरी नगर बैलहाट, चैनपुरा गाछी, चैनपुरा कचहरी, पुपरी तहसील कचहरी एवं हाट बाजार की जमीन विगत 10 वर्षों से अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थानों को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने हेतु जन-प्रतिनिधि द्वारा जिला प्रशासन को एक वर्ष पूर्व पत्र द्वारा सूचित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनाज का भंडारण

*461. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत या पैक्स में एक सरकारी गोदाम बनाने की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के तहत कई जिलों के पैक्सों में गोदाम बनाये जाने के बावजूद गोदाम का उपयोग नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उन गोदामों में अनाज भंडारण कर उसका सही उपयोग करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*462. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला सहित पूरे बिहार में पी0 डी0 एस0 डीलरों के द्वारा वितरण कार्य की निगरानी हेतु अनुश्रवण कमिटी अनुमंडल स्तर से लेकर पंचायत स्तर पर बनाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला में अनुश्रवण निगरानी समिति की बैठक नियमित नहीं होने के कारण डीलरों द्वारा खाद्यों के उठाव से लेकर वितरण तक में अनियमितता बरती जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर निगरानी अनुश्रवण समिति की बैठक नियमित कराने एवं दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलमीनार एवं मेट का रिसाव

*463. श्री रमेश ऋषिदेव --क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमार खंड प्रखंड के रौता पंचायत के गोपालपुर महादलित टोला के पास मिनी जलमीनार को एक माह पूर्व चालू किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार एवं मेट में दरार होने के कारण पानी का रिसाव हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त मिनी जलमीनार एवं मेट में जल रिसाव का क्या औचित्य है ?

दोषियों पर कार्रवाई

*464. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने वर्ष 2015-16 में प्रति क्विंटल गेहूँ बीज की खरीद पर किसानों को 1,000 (एक हजार) रु0 अनुदान देने का निर्णय लिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखण्ड के किसानों को 10 महीने बीत जाने के बावजूद भी अभीतक उक्त अनुदान की राशि नहीं मुहैया कराई गयी है, जबकि किसानों द्वारा अनुदान संबंधित कागजात जमा कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोनपुर प्रखण्ड के किसानों को गेहूँ बीज अनुदान की राशि मुहैया कराते हुए विलम्ब के लिए दोषी पदा0/कर्म0 पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराना

*465. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार एवं जन्दाहा प्रखण्ड के कई पंचायत को सरकार ने निर्मल पंचायत घोषित किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि महनार एवं जन्दाहा प्रखण्ड के घोषित निर्मल पंचायतों में आज भी 80 प्रतिशत परिवार शौचालय विहीन है, जिससे वे लोग खुले में शौच करने को मजबूर है एवं लाभार्थी द्वारा स्वयं शौचालय निर्माण कराने पर सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि वहाँ के लोगों को निर्मल पंचायत घोषित होने के वजह से उनको प्रोत्साहन राशि का लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो प्रोत्साहन राशि नहीं देने का क्या औचित्य है ?

---

कार्रवाई करना

*466. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी प्रखण्ड के चेरकी पैक्स के पाँच सदस्यों की सदस्यता दिनांक 13 जनवरी, 2016 को रद्द कर दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी, शेरघाटी जिला सहकारिता पदाधिकरी, गया एवं संयुक्त निबंधक सहयोग समितियाँ, गया ने साजिश के तहत एक सदस्य को पुराने पैक्स अध्यक्ष एवं प्रबंधक से मिलकर इस्तीफा दिलाकर निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष को काम करने से रोक कर प्रशासक बहाल कर दिया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जिन सदस्यों की सदस्यता रद्द की गई है वे राज्य निबंधक सहयोग समितियाँ के यहाँ अपील में है और बिना उनके अपील पर अंतिम सुनवाई किये बगैर चुनाव कराने हेतु मतदाता सूची तैयार की जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*467. <u>श्री भाई बिरेन्द्र</u>--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 जुलाई, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''बेच डाली बिहटा चीनी मिल की जमीन'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बिहटा अंचलान्तर्गत बंद पड़ी बिहटा चीनी मिल की कुल 28 एकड़ जमीन की देखभाल के लिए अधिकृत डुमरी निवासी राजदेव प्रसाद के पुत्र सतीशत सिंह द्वारा अंचल एवं जिला कार्यालय के कर्मियों की मिलीभगत से गैर कानूनी तरीके से खेदलपुरा मौजा की 3 एकड़ 25 डिसमील जमीन अपनी माँ नागो देवी के नाम जमाबंदी कराकर उसे भू-माफियाओं को बेच दिये जाने के बाद भू-माफियाओं द्वारा दाखिल खारीज हेतु अंचल कार्यालय में जाने पर अंचलाधिकारी द्वारा जाँच-पड़ताल किये जाने पर उक्त जमाबंदी को अवैध माना गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जमाबंदी को निरस्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना :

दिनांक 4 अगस्त, 2016 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,

सचिव,

बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 26-डी0टी0पी0-500